Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 294 रायपुर, सोमवार 18 नवम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मुठभेड़ में मारे गए 5 नक्सलियों के शव लाए गए जिला मुख्यालय, जल्द होगी पहचान



**कांकेर,** 18 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के उत्तरी अबूझमाड़ जंगल में 16 नवंबर की रात नक्सल-पुलिस मुठभेड़ में मारे गए सभी 5 नक्सलियों के शव को लेकर जवानों की टीम जिला मुख्यालय पहुंच गई है. माओवादियों की पहचान के लिए आत्म समर्पण कर चुके नक्सलियों की मदद ली जाएगी. वहीं 16 नवंबर की रात से शुरू हुई मुठभेड़ अब भी जारी है. रुक-रुक कर नक्सली क्रॉसफायरिंग कर रहे हैं. जंगल में अभी भी जवानों की एक बड़ी टीम एक पूरी पहाड़ी को घेरे हुए है. यह क्षेत्र बेहद अंदरूनी और दुर्गम होने के कारण विस्तृत जानकारी सामने नहीं आ पा रही है. जवानों ने नक्सलियों को घेर लिया है और उनके बचने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

बता दें, 16 नवंबर बीते दिन शनिवार की सुबह उत्तर अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी. सर्चिंग के दौरान शनिवार सुबह 8 बजे से लगातार डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई. मुठभेड़ खत्म होने के बाद सर्चिंग में बड़ी मात्रा में हथियार और 5 नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे, जिन्हें लेकर रविवार की सुबह जवानों की एक टुकड़ी अबूझमाड़ जंगल से बाहर निकली, जो आज सोमवार की सुबह पहुंची है. इस मुठभेड़ में 2 सुरक्षा जवान भी घायल हुए, जिनका उपचार राजधानी के नारायणा अस्पताल में जारी है। आज तीसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में यह सवाल उठ रहा है कि नक्सलियों के पास गोलाबारूद कितना बचा होगा और वे कब तक जवानों के सामने टिक पाएंगे. माड़ के जंगलों में जवानों का यह ऑपरेशन बड़ी सफलता की ओर बढ़ रहा है. सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर रखी है, और जल्द ही मुठभेड़ समाप्त होने की संभावना है।

## आज आधी रात से भारत में बढ़ेगी इंटरनेट स्पीड और कनेक्टिविटी

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (न्यूज चैनल)। भारत में इंटरनेट सेवाओं में एक नया अध्याय आज रात से शुरू होगा, जब इसरो का अत्याधुनिक हाई- 'एम' पुट संचार उपग्रह जीएसएटी-एन 2 को स्पेसएक्स के साथ मिलकर अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित केप कैनेवेरल अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। यह सेटेलाइट पूरे देश में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा और विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों में तेज इंटरनेट सेवाएं प्रदान करेगा।

जीएसएटी-एन 2 उपग्रह के जरिए भारत के विभिन्न हिस्सों में हाई-स्पीड इंटरनेट की सेवाएं मिलेंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों तक ब्रॉडबैंड की पहुंच बढ़ेगी। इस मिशन से उड़ान के दौरान कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी, जो एयरलाइन सेवाओं के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और उसकी वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के महत्वपूर्ण मिशन जीएसएटी-एन 2 (जीएसएटी-20) का प्रक्षेपण सोमवार आधी रात के बाद अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स के प्रक्षेपण यान फाल्कन-9 के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रक्षेपण अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित केप कैनेवेरल स्पेस सेंटर से होगा।



### आज रात 12.01 बजे स्पेसएक्स के फाल्कन-9 प्रक्षेपण यान से लॉन्च

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड का मांग आधारित दूसरा उपग्रह जीएसएटी-एन 2 तैयार है। यह उपग्रह 18 अक्टूबर को भारतीय समयानुसार रात 12.01 बजे स्पेसएक्स के फाल्कन-9 प्रक्षेपण यान से लॉन्च किया जाएगा। अगर किसी कारणवश यह मिशन निर्धारित समय में लॉन्च नहीं हो सका तो इसका वैकल्पिक समय 19 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे रखा गया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### मणिपुर में सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष में एक की मौत से बढ़ा तनाव

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (न्यूज चैनल)। मणिपुर के जिरीबाम जिले में जारी हिंसा और बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब ताजा मामले में सुरक्षाबलों के साथ संघर्ष में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई है, जिससे तनाव के हालात पैदा हो गए हैं। दरअसल प्रदर्शनकारी एक संपत्ति में तोड़फोड़ कर रहे थे, उसी दौरान सुरक्षाबलों की गोली से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने भी एक मौत की पुष्टि की है, लेकिन ये पता नहीं चला कि गोली किसने चलाई। वहीं चश्मदीदों का कहना है कि गोली सुरक्षाकर्मियों की तरफ से चली थी। घटना रविवार रात की है, जब प्रदर्शनकारियों की एक भीड़ ने जिरीबाम पुलिस थाना इलाके में बाबूपारा इलाके में एक संपत्ति में तोड़फोड़ की। उसी दौरान गोली लगने से एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान के अथौबा के रूप में हुई है, जिसकी उम्र करीब 20 साल थी। जिरीबाम में महिलाओं और बच्चों को अगवा कर उनकी हत्या करने के बाद से बवाल जारी है। लोगों की भीड़ द्वारा जनप्रतिनिधियों के आवासों और कार्यालयों पर हमले रविवार को भी जारी रहे। रविवार को प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस और भाजपा के कार्यालयों के साथ ही जिरीबाम के निर्दलीय विधायक के घर में भी तोड़फोड़ और आगजनी की।

### भाजपा-कांग्रेस दफ्तर में लूट, सुरक्षा बलों की फायरिंग में 1 की मौत

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (न्यूज चैनल)। मणिपुर के घाटी इलाकों में विरोध प्रदर्शन और हिंसा जारी रहने के कारण रविवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने जिरीबाम जिले में गोलीबारी की, जिसमें के अथौबा नामक 20 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। भीड़ ने उसी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के स्थानीय कार्यालयों में तोड़फोड़ की और फर्नीचर और अन्य संपत्ति को आग लगा दी। यह हिंसा जिरीबाम पुलिस स्टेशन के 500 मीटर के दायरे में हुई। जिले में तनाव काफी अधिक है और अशांति से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। हालांकि अभी तक उनकी हालत का खुलासा नहीं किया गया है. इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए आज अधिकारियों के साथ एक विस्तृत बैठक करने वाले हैं।




चूहा- सुनती हो, आप नेता कैलाश गहलोत कल इस्तीफा दिए और आज भाजपा में शामिल हो गए।
चुहिया- हां जी, ईमानदार पार्टी का नेता रहा है इसलिए आज ही ईमानदारी से शामिल हो गया।

## मुर्गी वाहन हादसे का शिकार, 2 की मौत



**रायगढ़,** 18 नवंबर (हाईवे चैनल)। जिले में देर रात तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से मुर्गियों से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिकअप के परखच्चे उड़ गए हैं। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक पिकअप चालक का नाम अंजर है। वह लाखदेहार झारखंड का रहने वाला है। दोनों की लाशों को मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से निकाली गई। दरअसल, रविवार की देर रात पूंजीपथरा की ओर से एक तेज रफ्तार ट्रक और मुर्गियों से भरी पिकअप आ रही थी, तभी लाखा के पास ट्रक चालक ने पिकअप को पीछे से टक्कर मारी। पिकअप के नीचे दबने से 2 लोगों की जान चली गई। राहगीरों से मिली जानकारी के मुताबिक आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पिकअप के नीचे दबे दोनों लोगों को बड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। फिलहाल मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## महाराष्ट्र का चुनाव गरीबों और चंद अरबपतियों के बीच का चुनाव है : राहुल



■ 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे पर अडानी-मोदी पर किया सीधा वार

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और कहा कि महाराष्ट्र चुनाव विचारधाराओं का चुनाव है और 1-2 अरबपतियों और गरीबों के बीच का चुनाव है। उन्होंने कहा कि अरबपति चाहते हैं कि मुंबई की जमीन उनके हाथ में जाए और अनुमान है कि 1 अरबपति को 1 लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का स्लोगन है- एक हैं तो सेफ हैं। सवाल है- एक कौन हैं, सेफ कौन हैं और सेफ किसका है? जवाब है- एक नरेंद्र मोदी, अडानी, अमित शाह हैं और सेफ अडानी हैं। वहीं, इसमें नुकसान महाराष्ट्रकी जनता का है, धारावी की जनता का है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव गरीबों और चंद अरबपतियों के बीच का चुनाव है। अरबपति चाहते हैं कि मुंबई की जमीन उन्हें मिले। करीब 1 लाख करोड़ रुपए एक अरबपति को देने की तैयारी है। कांग्रेस पार्टी की सोच है कि महाराष्ट्र के किसानों, गरीबों , बेरोजगारों की मदद हो। राज्य के लिए महंगाई, बेरोजगारी मुख्य मुद्दे हैं। उन्होंने वादा किया कि महिलाओं को हर महीने 3000 रुपए देंगे। महिलाओं को फ्री बस की सुविधा मिलेगी। किसानों का 3 लाख रुपए तक का कर्ज माफ होगा। सोयाबीन पर 7,000 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा। प्याज के किसानों के लिए फेयर प्राइस कमेटी होगी। कपास के लिए फेयर एमएसपी होगी। इसके साथ ही राहुल ने आगे कहा कि महाराष्ट्र में जातिगत जनगणना होगी। 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा। बेरोजगारों को हर महीने 4000 रुपए की मदद। ढाई लाख सरकारी नौकरियां देंगे। उन्होंने कहा कि धारावी की जमीन वहां रहने वाले लोगों की है। वे वहां वर्षों से रह रहे हैं। धारावी को कन्वर्ट करने में कई सारी समस्याएं हैं। मैंग्रोव की जमीन छीनी जा रही है। एक व्यक्ति के लिए सारे नियम बदल दिए गए। देश के पोर्ट, एयरपोर्ट, डिफेंस इंडस्ट्री, धारावी सारा कुछ उस एक व्यक्ति को सौंपा जा रहा है, जिसका प्रधानमंत्री से पुराना रिश्ता है।

## भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत बोले-किसी के दबाव में फैसला नहीं लिया



**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (न्यूज चैनल)। नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता दिलाई है। वहीं इस दौरान दिल्ली भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे।

इस दौरान कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने आजतक किसी के दवाब में कोई काम नहीं किया है। जितनी भी ऐसी बातें मुझे सुनने में आ रही है कि मैंने ये सीबीआई के दवाब में ऐसा किया या किसी और दवाब में किया ये गलत है। यह निर्णय एक दिन का नहीं है। हजारों लोग अन्ना के आंदोलन के बाद एक विचारधारा से जुड़े, मेरा राजनीति में आने का मकसद लोगों की सेवा करना है। लेकिन जिन मूल्यों के लिए आम आदमी पार्टी ज्वाइन की उनका पतन देखा तो मैं दंग रह गया। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ मेरी बात नहीं है, हजारों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ऐसा सोच रहे हैं। आम आदमी अब कुछ खास आदमी बन चुके हैं। कोई सरकार अगर लगातार केंद्र सरकार से लड़ने में समय निकालेगी तो दिल्ली का विकास कैसे होगा? मेरा जितना समय मंत्री के रूप में निकला, मेरी पूरी कोशिश रही कि मैं बेहतर करूं। आज मैं भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा ताकि दिल्ली का विकास कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ कर सकूं। मैंने अपनी प्रैक्टिस छोड़कर काम शुरू किया और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आप छोड़ना आसान नहीं था। आप में अब हालात ठीक नहीं है। आप में आत्मविश्वास टूट गया है। पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित हुआ हूं।

### कांग्रेस के सुमेश शौकीन आप में हुए शामिल



**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (न्यूज चैनल)। इधर दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में कांग्रेस के पूर्व नेता सुमेश शौकीन सोमवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इससे पहले बीते रविवार को अनिल झा आप में शामिल हुए थे और कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने पर जब अरविंद केजरीवाल से पूछा तो उन्होंने वह स्वतंत्र हैं, वह जहां चाहें जा सकते हैं।

## जब तक हम नहीं कहेंगे ग्रेप-4 लागू ही रहेगा : सुप्रीम कोर्ट



दिल्ली की जहरीली हवा पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (न्यूज चैनल)। प्रदूषण में खतरनाक वृद्धि के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 4 के कार्यान्वयन में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। वायु प्रदूषण का स्तर गंभीर-प्लस श्रेणी में चला गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 481 तक पहुंच गया, जो सोमवार की सुबह इस मौसम का अब तक का उच्चतम वायु प्रदूषण स्तर है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में एक्यूआई के चिंताजनक स्तर तक पहुंचने के बाद भी ग्रेप के चरण 4 के तहत निवारक उपायों के कार्यान्वयन में देरी हुई। कोर्ट ने पूछा कि जिस क्षण यह 300 से 400 ग्रेप तक पहुंचता है, उसे लागू करना पड़ता है। आपग्रेप की प्रयोज्यता में देरी के ऐसे मामलों में जोखिम कैसे ले सकते हैं? शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार से राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण स्तर को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछा। अदालत ने यह भी कहा कि वह उसकी पूर्व अनुमति के बिना निवारक उपायों को कम करने की अनुमति नहीं देगी। इसने राज्य सरकार से कहा कि अदालत जानना चाहती है कि

## छत्तीसगढ़ में दो सप्ताह में बाघ और तेंदुए की मौत

### गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में वन्य जीव संरक्षण पर मंडराया खतरा



जांच जारी

**कोरिया,** 18 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरिया में बीते दो सप्ताह में एक बाघ और एक तेंदुए की संदिग्ध मौत की घटना हुई है। बीते 8 नवंबर को कोरिया में एक टाइगर का शव मिला था। उसके बाद बीते 15 नवंबर को एक तेंदुए का शव गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर के टामापहाड़ बीट में पाया गया है। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और वन विभाग की टीम इस केस की जांच में जुट गई है। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की तरफ से मीडिया को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। तेंदुए की मौत पर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन हरकत में है। वन संरक्षक और राष्ट्रीय उद्यान संचालक सहित पशु चिकित्सक दल और गोमर्डा अभ्यारण्य की डॉग स्क्वायड टीम ने 16 नवंबर को घटनास्थल का दौरा किया। तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। उसके बाद वन विभाग और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन की मौजूदगी में तेदुए के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, बैकुंठपुर के संचालक ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। पशु चिकित्सकों की टीम ने तेंदुए के शव के नमूने लिए और उसे लैब की जांच के लिए संरक्षित कर रख लिया गया है। इसके बाद नियम के अनुसार तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया। विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत का खुलासा हो सकेगा। डॉग स्क्वायड और वन विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की टीम इस मामले की तहकीकात में जुटी है। खोजी कुत्ते के जरिए तेंदुए के मौत की जांच की जा रही है। गोमर्डा अभ्यारण्य की डॉग स्क्वायड टीम और वन विभाग का दल इस केस में जांच कर रहा है। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के कर्मचारी भी इस केस की जांच में जुट गए हैं। दो सप्ताह के अंदर पहले बाघ और अब तेंदुए की मौत से गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के क्षेत्र में वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि तेंदुए की जांच रिपोर्ट में क्या खुलासा होता है